Std .II Hindi Lit.

पाठ - 14

हाथ को सुधारो

Q.1. माली किस गाँव में रहता था?

उत्तर :- माली राजापुर नामक गाँव में रहता था।

Q.2. पुत्र की माला एक रुपए में बिकने पर माली ने उससे क्या कहा?

उत्तर :- पुत्र की माला एक रुपए में बिकने पर माली ने उससे कहा कि वह हाथ को सुधारे।

Q.3. बेटे को किस बात पर बहुत खुशी हुई?

उत्तर :- माली के बेटे की माला एक दिन पाँच रुपए में बिकी, इसलिए उसे बहुत खुशी हुई।

Q.4. माली क्या काम करता था?

उत्तर :- माली, माला बनाकर गाँव के हर मंदिर में बेचने का काम करता था।

Q.5. पुत्र को किस बात का घमंड हो गया?

उत्तर :- एक दिन जब माली के पुत्र की माला दस रुपए में बिकी तो उसे इस बात का घमंड हो गया।

Q.6. "अब तुम्हें अपनी माला की कीमत दस रुपए से अधिक कभी नहीं मिलेगी।" माली ने कहा।

क :- माली ने यह कब कहा?

उत्तर :- माली ने बेटे को अपने आप पर घमंड हो जाने पर यह कहा।

ख :- माली ने ऐसा क्यों कहा?

उत्तर :- माली ने ऐसा इसलिए कहा, क्योंकि माली समझ चुका था कि उसके बेटे को घमंड हो गया है और अब वह इससे अच्छी माला बनाने की कोशिश नहीं करेगा।

Q.7. रघुवीर ने अपने पिता से माफ़ी क्यों माँगी?

उत्तर :-  रघुवीर को घमंड हो गया था लेकिन पिता के द्वारा यह समझाने पर कि अगर सुधार की संभावना नहीं रहेगी तो फिर आगे नहीं बढ़ सकेंगे इसलिए उसने अपने पिता से माफ़ी माँगी।

विलोम लिखें

खरीदना × बेचना

बहुत × कम

अच्छा × बुरा

आना × जाना

खुशी × दुखी